सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-चार	विषय:हिंदी	पाठ 3: बेचारे बंदर मामा

कठिन शब्द

1कर्तव्य

2)मस्ती

3)दिशा

4)अकेला

5)कृपा

6)साथियों

7)बुढ़ापे

8)एहसास

9)नेक

10)दृष्टि

11)लज्जित

12)आशीर्वाद

13)व्यवहार

14)सदस्यों

निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न1)घने जंगल में कौन रहता था ?

उत्तर घने जंगल में एक नन्हा हाथी रहता था ।

प्रश्न2) नन्हें हाथी को घूमते हुए कैसी आवाज आई?

उत्तर नन्हें हाथी को घूमते हुए किसी के रोने की आवाज़ आई ।

प्रश्न3) पेड़ों पर बैठे बंदर क्या कर रहे थे?

उत्तर पेड़ों पर बैठे बंदर बड़े मजे से केले खा रहे थे ।

प्रश्न4)बूढ़े बंदर के साथियों ने उसके साथ कैसा व्यवहार किया ?

उत्तर बूढ़े बंदर के साथियों ने उसको अकेला छोड़कर उसके साथ बहुत गलत व्यवहार किया ।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न1)बूढ़े बंदर ने नन्हे हाथी को अपने रोने का क्या कारण बताया ?

उत्तर बूढ़े बंदर ने नन्हे हाथी को अपने रोने का यह कारण बताया कि वह बूढ़ा होने के कारण ज्यादा चल फिर नहीं सकता । इसी कारण उसके साथी उसे अकेला छोड़कर चले गए ।

प्रश्न2)नन्हें हाथी ने बूढ़े बंदर को क्या समझाया ?

उत्तर नन्हें हाथी ने बूढ़े बंदर को समझाया कि वे रोना बंद करें, वह उनके साथियों को वापस लेकर आएगा ।

प्रश्न3) बूढ़े बंदर के साथियों ने उससे माफी माँगते हुए क्या कहा ?

उत्तर बूढ़े बंदर के साथियों ने उनसे माफी माँगते हुए कहा कि वे उसे माफ कर दें । वे कभी उसे अकेला नहीं छोड़ेंगे । हमेशा उसकी देखभाल करेंगे ।

प्रश्न4)बूढ़े बंदर ने हाथी को क्या आशीर्वाद दिया ?

उत्तर बूढ़े बंदर ने हाथी को आशीर्वाद दिया कि भगवान उसे लंबी उम्र दे तथा हमेशा सुखी रखें ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।

1)असहाय - बेसहारा

असहाय लोगों की सहायता करना एक नेक कार्य है ।

2)कर्तव्य - फ़र्ज़

हम सभी को अपने कर्तव्य का पालन ईमानदारी से करना चाहिए ।

3)आशीर्वाद - आशीष

मेरी दादी ने मेरे जन्मदिन पर मुझे ढेर सारा आशीर्वाद दिया ।

4)लज्जित - शर्मिंदा

राम अपने द्वारा किए गए गलत व्यवहार के लिए लज्जित है ।

रिक्त स्थान भरिए ।

1)नन्हें हाथी की बात सुनकर बंदरो को अपनी गलती का एहसास हुआ ।

2)नन्हा हाथी बहुत दयालु था ।

3)बूढ़े बंदर ने हाथी के सिर पर हाथ रखकर उसे आशीर्वाद दिया ।

4)नन्हा हाथी मस्ती में झूमता हुआ अकेला ही जंगल में घूम रहा था ।